हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

लोकार्पण के बाद भी आज तक प्रारंभ नहीं हो सका 30 बिस्तर अस्पताल

4



## खबर संक्षेप

### वायरल आडियो को लेकर व्यायाम शिक्षक की सेवा समाप्त

**जांजगीर-चांपा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ में पदस्थ व्यायाम शिक्षक संविदा नलसाय दिवाकर की संविदा सेवा समाप्त कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो के संबंध में श्री दिवाकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया था। प्रकरण की जांच अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जांजगीर द्वारा की गई। श्री दिवाकर का जवाब संतोष जनक नहीं पाया गया। नलसाय दिवाकर का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है। अतएव नलसाय दिवाकर, व्यायाम शिक्षक_वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ की सेवा छ.ग. संविदा नियम 2012 के नियम 09 (7) के तहत समाप्त की गई है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कल तक

**सक्ती।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सक्ती में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक 15 जून रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट के माध्यम से पूरी की जाएगी। शासकीय आईटीआई सक्ती में फिटर, विद्युतकार, कोपा एवं सिलाई टेक्नोलॉजी व्यवसाय संचालित किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भलीभांति अध्ययन करने की सलाह दी गई है।

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन की बैठक सोमवार 15 जून को आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन की बैठक दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 26 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा ने विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय उचित मूल्य दुकान दारंग एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान देवरहा में संचालनकर्ता रिक्त होने के कारण ग्राम पंचायत के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए उक्त ग्राम पंचायत के इच्छुक संस्था, समूह अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 26 जून को शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

### छात्रावास एवं आश्रमों में प्रवेश प्रारंभ, अंतिम तिथि 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्री-मैट्रिक तथा पोस्ट-मैट्रिक बालक-बालिका छात्रावासों एवं आश्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया 16 जून से प्रारंभ होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं संबंधित छात्रावास, अधीक्षक अथवा अधीक्षिका से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश हेतु जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची, निवास प्रमाण सहित अन्य दस्तावेज पत्र जमा करना होगा।

### बरसात शुरू होने के पहले राहत मिलने की उम्मीद नहीं

# जिले में गहराया जलसंकट, शहर से लेकर गांव तक पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हसदेव बांगो नहर की धार बंद होने के बाद तकरीबन माह भर से जिले में पानी की समस्या बनी हुई है। भू जल स्तर में लगातार हुई गिरावट के चलते शहर से लेकर गांव तक लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शहर के अधिकांश मोहल्लों में टैंकर से पानी की सप्लाई हो रही है। वहीं गांव में स्थिति और भी बिगडने लगी है। ऐसे में अब इस समस्या से निजात पाने झमाझम बारिश का इंतजार हो रहा है।

जीवनदायिनी नहर की धार बंद होने के बाद जल स्तर तेजी से गिरने लगा है। ग्रीष्मकालीन फसल के लिए जनवरी माह में नहर में पानी छोड़ा गया था। नहर जिला मुख्यालय जांजगीर से होकर गुजरी है। जिले के एक बड़े हिस्से में नहर का जाल फैला है। नहर में पानी चलने के कारण शहर का वाटर लेवल भी मेंटेन रहता है। नहर को 9 मई को बंद कर दिया गया है। नहर बंद होने के साथ ही जल स्तर भी लगातार गिरता जा रहा है। जिससे बोर और हेंडपम्प में पानी की धार कम होने लगी है। नहर बंद होने के साथ ही शहरवासियों की चिंता बढ़ गई है। वजह यह है कि शहर में पाइप लाइन से पानी सप्लाई की व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है। जांजगीर शहर 25 वार्ड में बंटा है, और आबादी 50 हजार पार कर गई है। जिला बनने के दो दशक बाद भी जांजगीर शहर में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं हो सकी है। नगर पालिका क्षेत्र जांजगीर नैला में नल से पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण शहरवासी हैंड पंप , कुंआ और निजी बोर से ही अपने पानी की जरूरत पूरी करते हैं। नहर बंद होने के बाद अब नगरवासियो को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जल स्तर तेजी से गिरता जा रहा है। इससे हैण्डपंप जवाब देने लगे है। वहीं निजी बोर से भी पानी की धार काफी कम आने लगी है। इधर ग्रामीण क्षेत्र में भी नहर बंद होने के बाद अब वाटर लेवल गिरने से जल संकट गहराता जा रहा है। समय पर तालाबों को भरने ध्यान नहीं दिया गया, जिसका खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।



सूखी हसदेव बांगो नहर।

#### हवा उगल रहे जल जीवन मिशन के नल कनेक्शन

जिले में जल जीवन मिशन की स्थिति और भी बदतर हो चली है। कहने को तो जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव गांव में विशालकाय पानी टंकी का निर्माण करके गली गली में पाईप लाइन बिछाकर घर घर नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन आधे से अधिक नल हवा उगल रहे है। अधिकांश गांवों में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकियां शोपीस बनकर रह गई है तो वहीं जहां कही टंकियों में पानी भरकर सप्लाई शुरू की गई है। वहां भी अधिकांश मोहल्ले के घरों में जल जीवन मिशन का पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा भी नहीं है कि इसको लेकर शासन प्रशासन द्वारा संबंधित विभाग और ठेकेदारों को दिशा निर्देश ना दिया गया हो, बावजूद इसके पीएचई विभाग की निष्क्रियता के चलते हालत ज्यों की त्यों बनी हुई है।

#### जिला मुख्यालय में जल आवर्धन योजना का बुरा हाल

जिला मुख्यालय जांजगीर में जल आवर्धन योजना के तहत 35 करोड़ की लागत से वर्ष 2017 में काम शुरू किया गया था। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए तब दो साल का समय दिया गया था। बाद में कई बार एक्सटेंशन दिया गया, लेकिन महज 60 फीसदी ही काम हो सका है। काम में लेटलतिफी के कारण ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर अब नए ठेकेदार को काम दिया गया है। जल आवर्धन के प्रोजेक्ट में नगर में दो टंकी बननी है, लेकीन वह अधूरी है। नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने के लिए योजना के तहत काम कराया जा रहा है, लेकिन नगरवासियो को यह योजना किसी सपने से कम नजर नहीं आ रहा।

# जिले को 295 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देंगे मुख्यमंत्री आज

### सत्य निज नाम सत्संग सम्मेलन में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार 14 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 295 करोड़ से अधिक लागत के 341 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसके साथ ही सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) में आयोजित सत्य निज नाम सत्संग सम्मलेन में भी शामिल होंगे।

नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोंड़ी (राछा) के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री 295 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के 341 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 70.10 करोड़ से अधिक की लागत के 159 कार्यों का लोकार्पण और 224.90 करोड़ से अधिक की लागत के 182 कार्यों का भूमिपूजन शामिल हैं। इनमें सड़क, पुल - पुलिया, नाली, पानी, सिंचाई नहर समेत अन्य मूलभूत जरूरत के काम शामिल हैं। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थय मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री पोड़ी (राछा) के सत्य निज नाम बोध संस्थान में आयोजित सत्य निज नाम सत्संग सम्मलेन में भी शामिल होंगे।



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयार हो रहा पंडाल।

#### 159 कार्य होंगे लोकार्पित

जल संसाधन विभाग हसदेव नहर जांजगीर के 416.51 लाख रूपए की लागत से 3 कार्य, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग जांजगीर के 213.85 लाख रूपए की लागत से 1 कार्य, वन मंडल जांजगीर-चांपा के 30.46 लाख रूपए की लागत से 1 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर के 71.36 लाख रूपए की लागत से 7 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 395.68 लाख रूपए की लागत से 3 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 3229.85 लाख रूपए की लागत से 26 कार्य, सीजीएमएससी जांजगीर के 135.53 लाख रूपए की लागत से 4 कार्य, नगरीय प्रशासन जिला जांजगीर-चांपा 1771.15 लाख रूपए की लागत से 22 कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 746.06 की लागत से 92 कार्य का लोकार्पण किया जाएगा।

#### 182 कार्यों का होगा भूमिपूजन

जल संसाधन विभाग हसदेव नहर जांजगीर के 2180.03 लाख रूपए की लागत से 8 कार्य, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग जांजगीर के 452.13 लाख रूपए की लागत से 2 कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 3367.86 लाख रूपए की लागत से 9 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जांजगीर के 220.62 लाख रूपए की लागत से 7 कार्य, लोक निर्माण विभाग (सेतु निर्माण) के 428.55 रूपए की लागत से 1 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 10280.14 लाख रूपए की लागत से 28 कार्य, सीजीएमएससी के 868.35 लाख रूपए की लागत से 1 कार्य, छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग सक्ती के 1218.19 लाख रूपए की लागत से 6 कार्य, नगरीय प्रशासन जिला जांजगीर-चांपा 2285.83 लाख रूपए की लागत से 34 कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 1188.56 लाख रूपए की लागत से 86 कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

## कर्रानाला बांध के पास जानलेवा हमला, बुजुर्ग की हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पुलिस सहायता केंद्र कोटमी सोनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकलतरी स्थित कर्रानाला बांध के समीप एक बाड़ी में गुरुवार रात अज्ञात हमलावरों द्वारा एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में गंभीर रूप से घायल शिवराम कश्यप उर्फ प्रेमी 56 वर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवराम कश्यप पर अज्ञात लोगों ने हमला कर मारपीट की और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घायल के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। चोटों की गंभीरता को देखते हुए परिजन और ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से हमला किया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन पुलिस थाना अकलतरा पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के पीछे के कारणों तथा हमलावरों की पहचान के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि कर्रानाला बांध और आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री तथा नशेड़ियों का आना-जाना लगातार बना रहता है। क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की भी चर्चा है। ऐसे में पुलिस इस मामले की जांच सभी संभावित एंगल से कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।



अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग।

### दहेज प्रताड़ना से तंग नवविवाहिता ने दी जान, पति और जेठानी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** दहेज के लिए लगातार प्रताड़ना, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न से त्रस्त एक नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पति और जेठानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर में दर्ज मर्ग जांच के दौरान सामने आया कि वर्ष 2025 में भारती कश्यप का विवाह ग्राम जर्वे (च) निवासी कृष्णा कश्यप के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही पति द्वारा दहेज को लेकर ताने देना, प्रताड़ित करना और घरेलू बातों पर मारपीट करना शुरू कर दिया गया। इसके बाद उसने कथित रूप से कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## फर्जी एसबीआई में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले तीन और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

फर्जी एसबीआई बैंक संचालित कर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के तीन और फरार आरोपियों को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में अब तक कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई थी कि ग्राम छपोरा में कुछ लोगों द्वारा फर्जी एसबीआई बैंक संचालित किया जा रहा है। आरोपियों ने बैंक में कैशियर पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर कई युवाओं से रकम वसूली और उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी किए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने छह लोगों से कुल 7 लाख 71 हजार 800 रुपये लेकर ठगी की थी। शिकायत के आधार पर थाना मालखरौदा में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में अनिल भास्कर, नरेंद्र साहू, हीरा दिवाकर उर्फ कुणाल दिवाकर, टुकेश्वर दास महंत, सुभद्रा महंत तथा पंकज टंडन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा था। वहीं शेष फरार आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र भी प्रस्तुत किया गया था। फरार आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार को तीन फरार आरोपी मंथिर दास उम्र 32 वर्ष, रेखा साहू उम्र 35 वर्ष एवं मिलन साहू उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने फर्जी बैंक संचालन और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश कंवर तथा थाना मालखरौदा की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## किसानों की शिकायतों पर कृषि अधिकारी वरिष्ठ कृषि कार्यालय अकलतरा से हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड अकलतरा द्वारा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विकास मिश्रा को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय अकलतरा में दिए गए अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 12 जून 2026 को जारी आदेश के तहत पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश को निरस्त करते हुए यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि खाद, बीज, पीएम किसान सम्मान निधि सहित कृषि संबंधी कार्यों के लिए कृषि कार्यालय पहुंचने वाले किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों के साथ उनका व्यवहार संतोषजनक नहीं था, जिसकी शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंची थीं। किसानों का कहना है कि विकास मिश्रा का मूल पदस्थापना क्षेत्र तागा-पौना है, लेकिन वरिष्ठ कृषि कार्यालय अकलतरा में अतिरिक्त प्रभार होने के कारण वे अक्सर अपने फील्ड क्षेत्र में अनुपस्थित रहते थे। इससे क्षेत्र के किसानों को छोटी-छोटी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए अकलतरा कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। किसानों का मानना है कि अधिकारी की नियमित फील्ड उपस्थिति नहीं होने से कृषि विस्तार सेवाएं प्रभावित हो रही थीं। जांजगीर चांपा कलेक्टर ने शासकीय अधिकारी, कर्मचारीयो को कार्यालय आने वाले किसानों जनप्रतिनिधियो से सम्मानजनक व्यवहार करने निर्देश दिए थे उसके बाद भी यह शिकायत मिली है। वहीं हाल के दिनों में जनप्रतिनिधियों के साथ विवाद की चर्चाएं भी सामने आई थीं। इन घटनाओं के बाद किसानों ने कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों से व्यवस्था में सुधार की मांग की थी।

### नियम का पालन करने दी नसीहत, ट्रेफिक रूल तोडने वालों पर किया जुर्माना

# सड़क दुर्घनाओं में कमी लाने स्पेशल चेकिंग, 100 वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात जांजगीर पुलिस द्वारा विशेष किलाबंदी चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 100 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 2 शराबी वाहन चालकों को पकड़ कर वाहन जप्त करते हुए धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय जांजगीर टाउन को केंद्र में रखते हुए अलग-अलग स्थानों पर स्टॉपर लगाकर सघन वाहन जांच की गई। अभियान के दौरान तेज गति से वाहन चलाने, दोपहिया वाहनों में ट्रिपल सवारी करने, बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा चारपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के दौरान 100 वाहन चालकों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मोटरयान अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 2 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। दोनों वाहनों को मौके पर ही जप्त किया गया तथा संबंधित चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। जिला पुलिस द्वारा नशे मे वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही में विशेष ध्यान देते हुए विगत 5 माह में 318 वाहन चालकों के विरुद्ध 185 एम वी एक्ट की कार्यवाही की गई है।



सड़क पर वाहनों की चेकिंग करता ट्रैफिक अमला।

#### सड़क दुर्घटना मृत्युदर में 23 प्रतिशत की कमी

पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयास और सख्ती का असर भी दिखने लगा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मई माह तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में 23 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025 में मई माह तक सड़क दुर्घटनाओं में 127 लोगों की मृत्यु हुई थी, जबकि वर्ष 2026 में इसी अवधि में यह संख्या घटकर 97 रह गई है। इस हिसाब से देखा जाए तो सड़क दुर्घटना के मृत्यु दर में 23 प्रतिशत की कमी आई है।

## घर में छिपाकर रखे 18 लीटर शराब के साथ 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

शराब बेचने के दो प्रकरणों में 18 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 2 आरोपियों को आबकारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला आबकारी वृत्त मालखरौदा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी को मुखबिर से अवैध शराब विक्रेताओं की जानकारी मिली। इस पर 13 जून को आबकारी वृत्त मालखरौदा के ग्राम फगुरम में दबिश दी गई। टटीम ने संधी चौहान पिता परदेशी राम उम्र 44 वर्ष के घर में छापेमारी कर जांच की। मकान के आंगन में छुपाकर रखे प्लास्टिक की पन्नी व पाउच में भरी कुल मात्रा 8.1 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह ग्राम अण्डा थाना मालखरौदा में अश्वनी वारे पिता सुखाऊ राम उम्र 38 वर्ष द्वारा बड़ी में छुपा कर रखे दो प्लास्टिक की जरीकेन में भरी 10 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। मामले में धारा 34(2) के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया। कार्रवाई में वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार सहित स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन

**गेवरा दीपका।** सनातनीय संतों पर अपमान जनक टिप्पणी के विरोध में बजरंग दल द्वारा बीते दिनों बजरंग चौक दीपका में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बजरंग दल कार्यकर्ता और आस पास लोग भी शामिल हुए। इस दौरान बजरंग दल के संयोजक राणा मुखर्जी कहा कि कोई भी सनातन धर्म और संतो पर अपमानजनक टिप्पणी करेगा तो उसका पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### मछलियों के संरक्षण हेतु 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**कोरबा।** जिले में वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को ध्यान में रखकर उनके संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाषयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सहायक संचालक मछली पालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने तथा अपराध सिद्ध होने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत 25 हजार रूपए का जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है और उनके अतिरिक्त जलाशय जिनमें केज कल्चर का कार्य किया जा रहा है, उनमें मत्स्य अधिनियम लागू नहीं होंगे।

### नरेंद्र बनाए गए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए प्रतिनिधि

**कोरबा।** क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ़ की प्रांतीय कार्यकारिणी एवं समाज की बैठक 14 जून को भोपाल में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव हेतु नरेंद्र राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष, क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ़ को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए प्रदेश का एकमात्र अधिकृत प्रतिनिधि घोषित किया गया। श्री राठौर वर्तमान में वे क्षत्रिय राठौर समाज छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रूप से समाज सेवा कर रहे हैं। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि नरेंद्र राठौर के अनुभव, संघर्षशील व्यक्तित्व एवं समाजहित के प्रति समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर समाज को नई दिशा एवं सशक्त नेतृत्व प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ के समस्त सामाजिक बंधुओं ने राष्ट्रीय प्रतिनिधियों एवं मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे समाजहित, संगठनात्मक अनुभव एवं सेवा कार्यों को ध्यान में रखते हुए श्री नरेंद्र राठौर को अपना समर्थन प्रदान करें।

### छग राजभाषा आयोग का जिला स्तरीय सम्मेलन

**कोरबा।** छग राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन 14 जून को पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार में संपन्न होगा। यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संवर्धन हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें जिले के वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा तथा विविध सत्रों में सार्थक चर्चा और कवि सम्मेलन होंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से होगा। प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश अग्रवाल, मंत्री संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास उपस्थित रहेंगे। जिसके बाद सम्मान सत्र में छत्तीसगढ़ी भाषा की सेवा करने वाले साहित्यकारों को मया चिन्हारी से सम्मानित किया जाएगा। दूसरा सत्र (चर्चा गोष्ठी) 1 से 2 बजे तक चलेगा एवं तीसरा सत्र (कवि सम्मेलन) 3 से 6 बजे तक चलेगा।यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य के संवर्धन की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो जिले के साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

# प्रवासी पक्षियों के लिए वन विभाग कनकी में तैयार करेगा नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पिछले कई दशकों से दूर देश से आने वाले प्रवासी परिंदे एशियन ओपन बिल स्टॉर्क की संख्या हर साल बढ़ते ही जा रही है। इन प्रवासी पक्षियों के लिए आने वाले भविष्य में बेहतर आशियाना बनाया जा सके इसके लिए वन विभाग ने ग्राम कनकी और उसके आसपास बड़े पैमाने पर उनके पंसदीदा पौधों का रोपण करेगी ताकि आने वाले इन प्रवासी पक्षियों को बेहतर रहवास मिल सके।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 25 किमी दूर कोरबा वन मंडल के करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कनकी में हर साल मई के महीने में आने वाले विशेष प्रवासी पक्षी एशियन ओपनबिल स्टॉर्क आते हैं इस साल भी हजारों के तदाद में इनका कुनबा पहुंच चुका है। प्रवासी पक्षी बेहतर रहवास की वजह से कनकी पहुंचे और अपने कुनबे को बढ़ाकर ठंड में अपने वतन लौट जाते हैं। लगातार इन प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ती जा रही है। कोरबा वनमंडलाधिकारी के निर्देश पर इन प्रवासी पक्षी के बेहतर रहवास उपलब्ध कराया जा सके वन विभाग प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि इन विदेशी मेहमानों को भविष्य में और बेहतर आशियाना (घरौंदा) देने के लिए क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की तैयारी की जा रही है। ग्राम कनकी में पिछले कई सालों से इन प्रवासी पक्षियों का आगमन हो रहा है। हर साल मई आते ही यह पूरा इलाका इन खूबसूरत पक्षियों के कलरव से गूंज उठता है। लगातार बढ़ती इनकी तादाद को ध्यान में रखते हुए वन विभाग, ग्राम पंचायत के सहयोग से उनके पसंदीदा पेड़, तालाब की मेड़ों और आसपास ईमली, बरगद, मॉलश्री, नीम, पीपल जैसे पौधों का रोपण करेगी।

**मई के महीनों से हजारों की संख्या में पहुंचे हैं प्रवासी पक्षी**



**तालाब के मेड़ों में रोपेंगे पौधे**

ग्राम कनकी में हर साल मई के महीने में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। इस साल भी हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंच चुके हैं। भविष्य में इनके बढ़ते कुनबे को देखते हुए बेहतर आशियाने के लिए ग्राम कनकी के दर्जनों तालाब के मेड़ो और खाली जमीनों में अंजन, चिरौन, ईमली, मॉलश्री, नीम और पीपल जैसे पौधों का रोपण किया जाएगा जिसकी तैयारी की जा रही है।

- **एसके सोनी,** एसडीओ, वन विभाग

## पुलिस बल की उपस्थिति में दोनों स्थानों पर हुई कार्यवाही

# कनकी-तरदा व एनएच पर की गई अतिक्रमण हटाने की कार्वाई, 3 मकान तोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने अवैध कब्जों के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि और सड़क निर्माण में बाधा बने अतिक्रमणों को हटाया। कनकी-तरदा मुख्य मार्ग पर अवैध निर्माणों को हटाने के साथ बिलासपुर अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर स्थित सुतर्रा-जुराली के बीच सड़क निर्माण में बाधक बने तीन मकानों को हटाने की कार्यवाही की गई। दोनों ही कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान प्रशासन को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा।

अतिक्रमण हटाने की पहली कार्यवाही कोरबा अनुभाग अंतर्गत आने वाले बरपाली तहसील अंतर्गत बरपाली तहसीलदार सत्यपाल राय के नेतृत्व में की गई। उक्त मार्ग पर सिंचाई विभाग की जमीन में कुछ लोगों के द्वारा प्लाटिंग कर जमीन की बिक्री कर अवैध ढंग से मकान व दुकान बना लिए गए थे। ऐसे 85 लोगों को पहले नोटिस जारी की गई थी। उक्त नोटिस पश्चात शुक्रवार सुबह प्रशासन ने नोटिस प्राप्त तीन मकानों और दुकानों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने फिलहाल अभियान रोक दिया है। तहसीलदार सत्यपाल राय ने बताया कि विरोध के कारण कार्रवाई स्थगित की गई है, लेकिन आने वाले दिनों में जिला प्रशासन और पुलिस बल के सहयोग से शेष अवैध कब्जों को भी हटाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की दूसरी बड़ी कार्यवाही बिलासपुर अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में सुतर्रा जुराली के बीच लगभग 2 किलोमीटर का निर्माण पिछले लंबे समय से लटका हुआ था। कुछ प्रभावित परिवारों के द्वारा कम मुआवजा दिए जाने का आरोप लगाते हुए मामला न्यायालय में दायर किया गया था जिसकी वजह से एनएचएआई के द्वारा 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण नही किया जा रहा था। अब चूंकि कुछ दिन पूर्व न्यायालय का फैसला आने के बाद प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि वितरित कर दी गई थी उसके बावजूद कब्जाधारी अपना कब्जा नहीं हटा रहे थे। परिणाम स्वरुप प्रशासन ने शुक्रवार को सुतर्रा और जुराली के बीच कब्जाधारियों को हटाने की कार्यवाही की।

**खास बात**

- ग्रामीणों के विरोध के कारण कनकी तरदा मार्ग में कुछ मकानों को ही हटाया गया



अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करता प्रशासनिक अमला।

**अब सड़क निर्माण कार्य को मिलेगी गति**

अधिकारियों के मुताबिक, अतिक्रमण हटने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के रुके हुए निर्माण कार्य को दोबारा गति मिल सकेगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ज्ञात हो कि 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण नहीं होने से वाहन मालिकों को चैतमा गांव के अंदर से होकर कटघोरा आने की मजबूरी हो गई थी। लगभग 8 किलोमीटर लंबा सफर तय करना पड़ रहा था।

**अतिक्रमण हटाने की गई कार्यवाही**

कनकी तरदा मार्ग में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जा रहा था जिसकी वजह से कार्यवाही रोकी गई है लेकिन पुलिस बल के साथ आगे फिर कार्यवाही होगी।

- **सरोज महिलांगे,** एसडीएम

**मुआवजा के बाद भी थे काबिज**

एनएच 130 में सुतर्रा और जुराली के बीच तीन मकान स्थित थे जिन्हें मुआवजा वितरीत किया जा चुका है। उन्हें नोटिस दी गई थी सामान हटाने पश्चात विधिवत पूर्वक तीनों मकानों को हटा दिया गया है।

- **सुमन मानिकपुरी,** तहसीलदार पोड़ी उपरोड़ा

# स्वनिधि लोक कल्याण मेले में पथ विक्रेताओं को मिलेगा लोन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर पालिका परिषद कटघोरा में शासन के योजना पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत लोक कल्याण मेला सांस्कृतिक भवन वार्ड क्र. 3 कटघोरा में 8 जून को शिविर आयोजित किया गया।

शहरी पथ विक्रेताओं को व्यवसाय पुनः शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि कोविड-19 महामारी और उसके बाद हुए लाकडाउन ने शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था। उनकी आर्थिक स्थिति को सहारा देने के लिए केंद्र सरकार ने 1 जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना प्रारंभ की। इसका उददेश्य सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं को प्रथम चरण 10 हजार द्वितीय में 20 हजार और तृतीय चरण में 50 हजार रूपये तक का ऋण देने का प्रावधान था, वर्तमान में लोक कल्याण मेला के दौरान प्रथम चरण 15 हजार रुपए, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपए रू. और तृतीय चरण में 50 हजार रू. का ऋण देने का प्रावधान है। नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने कहा कि शहरी पथ विक्रेता सस्ती दरों पर रोजमर्रा का सामान उपलब्ध कराकर अपने और अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके व्यवसाय को फिर से पटरी पर लाने के लिए केंन्द्र सरकार ने यह योजना शुरू की है। सभी पथ विक्रेताओं एवं पात्र हितग्राहियों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित अधिकारिओ एवं कर्मचारियों को सौंपे गये दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक किए जाने की निर्देश दिये गए। अनिल कुमार राम पीएम स्वनिधि नोडल अधिकारी ने बताया अगला द्वितीय शिविर रैन बसेरा न्यू बस स्टैण्ड कटघोरा में 15 जून को समय 10:30 बजे से 3 बजे तक एवं तृतीय शिविर वार्ड क्र. 4 गोल भवन कटघोरा में प्रस्तावित है। सभी पथ विक्रेताओं एवं पात्र हितग्राहियों से निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

# बकरी चराने गए दंपती पर गिरी पेड़ की डंगाल, पति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एकदम दंपति बकरी चराने के लिए जंगल गए हुए थे जहां अचानक मौसम में करवट बदलने की वजह से बारिश और आंधी तूफान से बचने के लिए एक दंपति पेड़ के नीचे रुके हुए थे। इस दौरान तेज आंधी तूफान चल रही थी कि अचानक पेड़ की एक बड़ी सी टहनी पेड़ के नीचे खड़े दंपति पर जा गिरी। घटना में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान पति की मौत हो गई है जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाम पहाड़ निवासी शिवरतन मांझी 24 वर्ष पिता बलदेव मांझी और उसकी पत्नी सुशीला मांझी 51 वर्ष गुरुवार को बकरी चराने पास के जंगल में गए हुए थे। इस दौरान शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी तूफान शुरू हो गया। तेज आंधी तूफान होने की वजह से शिवरतन मांझी और उसकी पत्नी सुशीला एक पेड़ के नीचे ठहरे हुए थे। इसी बीच एक पेड़ की बड़ी सी टहनी दंपति पर जा गिरी। जिससे शिवरतन मांझी और सुशीला गंभीर रूप से घायल हो गए। जब ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो दोनों दंपति को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शिवरतन मांझी की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी सुशीला का उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शिवरतन के शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच कर रही है।

**खास बात**

- लेमरु थाना क्षेत्र के लाम पहाड़ की घटना

### एचपीसी दर से भुगतान की मांग को लेकर केसीसीएल कर्मचारियों का अल्टीमेटम

**कोरबा।** दीपका परियोजना में कार्यरत कलिंगा कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी केसीसीएल के कर्मचारियों ने वेतन भुगतान को लेकर मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी द्वारा माइनिंग सुपरवाइजर, मैकेनिक और हेल्परों को कोल इंडिया की हार्ड पावर कमेटी यानी एचपीसी द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन और एसईसीएल दीपका प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए 13 जून तक का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 14 जून से दीपका खदान क्षेत्र के चांदनी चौक और केसीसी कैंप गेट पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी तथा कंपनी का कार्य पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। कर्मचारियों ने यह भी दावा किया है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा केसीसीएल को एचपीसी द्वारा निर्धारित दर से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

### एएसआई के पुत्र पर चढ़ाई थी बोलेरो, इलाज के दौरान मौत

**कोरबा।** 6 दिन पूर्व यातायात थाना में पदस्थ सउनि के पुत्र पर अज्ञात बोलेरो वाहन के चालक ने गाड़ी चढ़ा दी थी जिसके बाद युवक को उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। जैसे ही शहर में यह पता चला कि सउनि के पुत्र की मौत हो गई है उसके शुभचिंतकों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं अंतिम संस्कार के पहले विरोध प्रदर्शन की चर्चा सरगर्म है। उल्लेखनीय है कि सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी निवासी यातायात थाना में पदस्थ सउनि रामनारायण रात्रे का पुत्र चंद्रमणी रात्रे उर्फ दादू अपने दोस्त शुभम सिंह बघेल और साहिल निर्मलकर और अरविंद राठौर के साथ 6 जून की रात लगभग 1.28 बजे मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बाइपास रोड पर पहुंचे थे कि इसी दौरान बोलेरो वाहन में सवार कुछ युवक पहुंचे और इस दौरान साइड को देने को लेकर उनके मध्य विवाद हुआ और बोलेरो वाहन में सवार युवकों ने सउनि के पुत्र चंद्रमणी रात्रे पर बोलेरो वाहन चढ़ा दी और मौके से भाग निकले थे।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलरः अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेषः सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

न्यायालय तहसीलदार बम्हनीडीह, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.
/ नोटिस /
रा.प्र.क्र. अ- 6 / 25-26
ग्राम- सोठीं
01.चीतराम वगैं. पिता स्व. हीराराम निवासी सोठीं तह. बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा
.......आवेदकगण
बनाम
01. गोविन्दराम पिता लक्ष्मण निवासी सोठीं 02. मोहितराम व जोहित दोनों पिता स्व.महेत्तर 03. उमेशदास, सुरेशदास, रमेशदास सभी पिता जयनारायण 04. नर्मदा प्रसाद पिता भोदले........... अनावेदकगण
आवेदक के द्वारा न्यायालय मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सोठी स्थित ख.न. 271/2, 214/1, 236/6 रकबा 0.40, 0.130 0.52 हे. भूमि को विक्रेता से रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदी किया गया था परंतु आज पर्यन्त तक नामांतरण नहीं हो पाया गया जिस कारण नामांतरण कराने हेतु नायब तहसीलदार बम्हनीडीह में आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर सभी संबंधित पक्षकारों को सुनवाई हेतु पक्षकार बनाया गया है अगामी पेशी तिथि 15.06.2026 को आप सभी पक्षकार न्यायालय बम्हनीडीह मे उपस्थित होवे अनुपस्थित रहने के स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होगें ।
पेशी दिनांक 15.06.2026
नायब तहसीलदार
बम्हनीडीड (चांपा)

# कुदमुरा वन परिक्षेत्र के चचिया में पहुंचा 13 हाथियों का झुंड, ड्रोन से हो रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिला रायगढ़, धरमजयगढ़ से 13 हाथियों का झुंड कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में पहुंच गया है। हाथियों की धमक की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है और हाथियों द्वारा जनधन की हानि ना हो इसके लिए वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की ट्रैकिंग कर रही है। साथी ड्रोन कैमरे के माध्यम से पाल-पाल की जानकारी गांव में पहुंचाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा मंडल में पिछले दो दिनों से 13 हाथियों को झुंड विचरण कर रहा है। गुरुवार को यह हाथी कोरबा वन पर क्षेत्र में विचरण करने के बाद पसरखेत रेंज से पार करते हुए कुदमुरा रेंज के ग्राम चचिया के जंगल में जा पहुंचा है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर हाथियों झुंड कुदमुरा रेंज के आसपास ही विचरण करते देखा गया था। हाथियों की धमक और चिंघाड़ की वजह से ग्रामीण दहशत में है। हाथियों का झुंड किसी तरह के जनधन की हानि ना पहुंचा सके इसके लिए कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर एसडीओ एसके सोनी व उनकी टीम लगातार हाथियों की निगरानी कर रही है।



हाथियों की ड्रोन से निगरानी करते वन कर्मी।

### बांकीमोंगरा के गजरा ग्राउंड में खेल प्रतियोगिता

**बांकीमोंगरा।** क्षेत्र के युवाओं और युवतियों को खेल तथा शारीरिक दक्षता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सक्सेस पाथ एकेडमी बांकीमोंगरा द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गजरा ग्राउंड में आयोजित इस एक दिवसीय सीएएफ फिजिकल एवं ओपन एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

TOP IN JANJGIR
N.S.D.C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leela's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

# भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला



# ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



# टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



# नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

## टीवी मसाला



# दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।



# 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

# इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन


जून में थलपित विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

## जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाईं थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत सोंठी में निकली नशा मुक्ति एवं स्वच्छता जागरूकता रैली




**सक्ती।** जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत सोंठी में 13 जून को नशा मुक्ति एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम पंचायत सोंठी तथा बिहान समूह के महिलाओं द्वारा किया गया। दोपहर 3 बजे जहां गांव की बिहान समूह तथा ग्राम पंचायत सोंठी के पंचायत प्रतिनिधि तथा गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में लगभग 4 बजे गुरु घासीदास चौक से रैली की शक्ल में भ्रमण करते हुए धुमा पारा,पहुंची इसके बाद अकोल पारा ,राधा कृष्ण मंदिर चौक, बरछा पारा, पंचायत भवन, सोसायटी पारा ,रेलवे फाटक होते हुए अमरैयापारा पहुंची। इससे पहले रैली में पहुंचे अनुविभागी पुलिस अधिकारी भुवनेश्वरी पैकरा ने महिला समूह की महिलाओं को संबोधित किया। उनका कहना था नशा मुक्ति से जीवन बचाया जा सकता है तो गांव को कचरा मुक्त करके गांव के लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सकता है। इसके अलावा सहायक आबकारी आशीष उत्पल एवं आबकारी निरीक्षक कोमल प्रसाद सिदार और उनकी टीम द्वारा ग्राम पंचायत के पंच सरपंच एवं महिलाओं के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया साथ ही गांव में जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री करने वाले को समझाइए देते हुए शराब बिक्री नहीं करने की सख्त हिदायत दिया। साथ ही शराब बेचते पाए जाने पर कड़ी धारा में कार्यवाही करने की बात कही। शाम 4 से लेकर शाम के 7 बजे तक पूरा गांव स्वच्छता जागरूकता नारा एवं नशा मुक्ति नारा से गूंजता रहा। गांव के लोगों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रैली को सफल बनाने में ग्राम पंचायत सोंठी के सरपंच श्रीमती राखी यादव, जनपद सदस्य मोगरा डेंसिल ,उप सरपंच मुकेश डेंसिल, पंच राम अवतार साहू पंच देवराम पटेल गणपत टंडन कमला सतनामी, मुन्नी मुकेश्वरी,एफ एल सीआरपी रुक्मणी डेंसिल भी उपस्थित थे।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल की अनुशंसा पर विकास कार्य के लिए 62 लाख स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण



चंदेल के अनुशंसा व सतत प्रयास से नगर पालिका परिषद् जांजगीर-नैला को अधोसंरचना मद् अंतर्गत नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न विकास कार्य हेतु 62 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी के अंतर्गत चर्च के पास भवन निर्माण कार्य हेतु 9.96 लाख रूपये एवं मेजर ध्यानचंद हॉकी मैदान में खिलाड़ियों के लिये भवन निमार्ण कार्य हेतु 10.34 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने खिलाड़ियों के जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुये उनके मांग पर हॉकी मैदान में भवन निर्माण कराने की घोषणा किया था, जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इसके लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को निर्धारित दिनांक से पेंशन निर्धारित करने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ के पत्र (दिनांक 17 मार्च 2026) के संदर्भ में जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ के प्रमुख अभियंता कार्यालय ने एक अहम निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश के अनुसार, 31 दिसंबर 1988 से पूर्व दैनिक वेतनभोगी के रूप में नियुक्त तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों जो कार्यभारित एवं आकस्मिक व्यय मद से वेतन प्राप्त करते थे की सेवाओं को स्थापना काल से ही अर्हतादायी सेवा मानते हुए सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन निर्धारण करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर स्थित विभिन्न मुख्य अभियंताओं महानदी परियोजना, महानदी-गोदावरी कछार, हसदेव कछार, मिनी माता हसदेव बांगो परियोजना को निर्देश प्रसारित किए गए हैं। महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री अरुण कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी मुख्य अभियंताओं से आग्रह किया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों को स्पष्ट निर्देश जारी करें, ताकि पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पेंशन निर्धारण निर्धारित तिथि से किया जा सके।उन्होंने कहा कि यह निर्णय लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## निधन

### श्रीमती देवकी शुक्ला

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक रामेश्वर शुक्ला की माता



श्रीमती देवकी शुक्ला पति हरप्रसाद शुक्ला (मिसदा वाले) का शनिवार 13 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 14 जून को जांजगीर में भीमा तालाब के पास स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार बिलखता छोड़ गई।

नगरवासियों ने शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

# लोकार्पण के बाद भी आज तक प्रारंभ नहीं हो सका 30 बिस्तर अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण




लोकार्पण के बाद भी विरान पड़ा शिवरीनारायण का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र।

टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में 30 बिस्तरों वाले अस्पताल भवन का वर्चुअल लोकार्पण हो जाने के बावजूद आज तक इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया है। इस स्थिति को लेकर नगरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वर्तमान में शिवरीनारायण का स्वास्थ्य केंद्र केवल नाम मात्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। यहां उपलब्ध सुविधाएं कई मामलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर की भी नहीं हैं। डॉक्टरों की कमी, उपकरणों का अभाव और सीमित सेवाओं के कारण मरीजों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी बिलासपुर, रायपुर या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे मरीजों को आर्थिक बोझ के साथ-साथ मानसिक तनाव भी झेलना पड़ता है।

टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित 30 बिस्तर अस्पताल भवन का मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किए जाने के बावजूद आज दिनांक तक अस्पताल का संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है। यह अस्पताल कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत हुआ था तथा उसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। भाजपा सरकार के कार्यकाल में भवन का निर्माण पूर्ण होने के बाद मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल लोकार्पण भी कर दिया गया, किंतु विडंबना यह है कि आज तक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ नहीं हो सकी हैं। क्षेत्र के अधिकांश लोगों को यह तक जानकारी नहीं थी कि अस्पताल का लोकार्पण हो चुका है। वर्तमान में शिवरीनारायण का स्वास्थ्य केंद्र नाम मात्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जबकि यहां उपलब्ध सुविधाएं कई मामलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समान भी नहीं हैं। मरीजों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी अन्य शहरों की ओर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। नगरवासियों ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आग्रह किया है कि शिवरीनारायण के नवनिर्मित 30 बिस्तर अस्पताल में आवश्यक चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीकी कर्मचारियों एवं उपकरणों की व्यवस्था कराकर अस्पताल का संचालन शीघ्र अति शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि नगर एवं आसपास के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।




# शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिरों की भूमिका सदैव अग्रणी : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग का समापन, 110 शिक्षार्थियों ने लिया प्रशिक्षण

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा विद्या भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की योजना अंतर्गत कोरबा एवं बिलासपुर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग 2026-27 का समापन समारोह सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा के नवनिर्मित सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में 6 जून से 13 जून तक 18 आचार्य एवं 92 महिला आचार्य सहित कुल 110 शिक्षार्थियों ने सहभागिता की। वर्ग का उद्देश्य नवीन आचार्यों को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, योग, खेलकूद तथा भारतीय जीवन मूल्यों से परिचित कराना था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व विधायक सौरभ सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानंद बाल शिक्षा समिति अकलतरा के व्यवस्थापक गोपेश तुलस्यान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप मे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रविंद्रश राफ उपस्थित रहे। सौरभ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिरों की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। उन्होंने बिजली संरक्षण, जल संरक्षण, मोबाइल के सीमित एवं सदुपयोग तथा परिवार में संस्कारयुक्त वातावरण निर्माण पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण शिविर में गेंदराम राजपूत, श्रीमती ज्योति पटेल, श्रीमती अभिनिषा एवं लोचन प्रसाद साहू के द्वारा विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में प्रशिक्षक के रूप में श्रीमती ललिता तिवारी, श्रीमती सती शुक्ला, श्रीमती टिकेश्वरी चौहान, मनहरन राठौर, मोहन यादव, सत्या सिंह, चेतन चौधरी, श्रीमती प्रीति सिंह, कुमारी सविता कुम्हार, खेमनाथ कश्यप, अशोक शुक्ला, रामरतन निमकर,धीरेंद्र धीवर, पुष्पेंद्र साहू, बसंत कुमार दुबे, ईश्वर पटेल एवं श्रीमती सुषमा कौशिक सहित अनेक प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सभी प्रशिक्षकों, आचार्यों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य केशव कौशिक के द्वारा किया गया।

## शास्त्रीय गायक अंशुल को देहरादून में मिला संगीत रत्नाकर अवॉर्ड, नगर आगमन पर हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



नगर के होनहार शास्त्रीय गायक अंशुल तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। देहरादून में आयोजित प्रतिष्ठित नेशनल म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल में देश-विदेश के दिग्गज कलाकारों के बीच अंशुल तिवारी को उनके उत्कृष्ट योगदान, कठिन साधना और निरंतर शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित "संगीत रत्नाकर अवॉर्ड" से नवाजा गया है।

अंशुल ने बेहद कम समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी गायकी का लोहा मनवाया है। इससे पूर्व अंशुल असम के गुवाहाटी में आयोजित इंटरनेशनल प्रोग्राम की सीनियर वोकल (शास्त्रीय गायन) स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था, वहीं दुर्ग में आयोजित देशराग इंटरनेशनल म्यूजिक हारमनी में भी वे प्रथम स्थान पर रहे थे, जबकि प्रतिष्ठित वृंदावन इंटरनेशनल म्यूजिक फेस्टिवल में देश भर के कलाकारों के बीच द्वितीय स्थान हासिल किया था। अंशुल की इस राष्ट्रीय उपलब्धि के बाद चांपा आगमन पर उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण की खुशी साझा करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक नगरपालिका चांपा के प्रतिपक्ष नेता हरीश पाण्डेय के निवास कार्यालय पहुंचे, जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, किशन सोनी, गुलशन सोनी, पार्षद ललित देवांगन और पार्षद पुरुषोत्तम देवांगन ने संयुक्त रूप से अंशुल तिवारी का शॉल-श्रीफल भेंट कर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठों ने अंशुल की संगीत साधना की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर चांपा का नाम बढ़ाया है।

## रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों को दी अमृत भारत योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत अकलतरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



यात्रियों को जानकारी देते

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सर्वाधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से "12 वर्ष विश्वास के, विकास के" जनकल्याणकारी विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के अंतर्गत 13 जून को सौरभ सिंह, अध्यक्ष खनिज विकास निगम छत्तीसगढ़, एवं अकलतरा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अकलतरा रेलवे स्टेशन एवं उसके परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यात्रियों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत योजना के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह ने यात्रियों से संवाद किया तथा स्टेशन पर उपलब्ध एवं विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि अकलतरा रेलवे स्टेशन उन चयनित स्टेशनों में शामिल है जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान दिव्यांग यात्री महेश जो कोरबा से भी चर्चा की गई तथा स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं एवं चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई।अकलतरा रेलवे स्टेशन पर विकसित की जा रही प्रमुख सुविधाओं में आधुनिक आधारभूत संरचना, प्लेटफॉर्म एवं शेल्टर का उन्नयन, आधुनिक शौचालय ब्लॉक, बेहतर पेयजल व्यवस्था, यात्रियों के लिए ऑनलाइन सुविधाएं, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने हेतु "वन स्टेशन वन प्रोडक्ट" स्टॉल, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनुकूल सुविधाएं, निःशुल्क हाई-स्पीड वाई-फाई, बेहतर एलईडी प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक सूचना प्रदर्शन प्रणाली तथा सीसीटीवी आधारित सुरक्षा व्यवस्था शामिल हैं।भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए पार्टी का विशेष जनसंपर्क अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोपाल तुलस्यान पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल केडिया जिलापंचायत सदस्य महादेव नेताम गोवर्धन साहू आशीष प्रसाद दिनेश दास राज शर्मा घनश्याम राजवाड़े विपुल केडिया वेदांत सिंह मुकेश श्रीवास आशीष केवट शेरखान जीतेन्द्र सारथी और संतोष दुबे उपस्थित थे।

## अघोर विद्यापीठ के 14वें स्थापना दिवस पर सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सुंदरकांड पाठ करते प्राचार्य एवं शिक्षकगण।

अघोर विद्यापीठ पोंड़ी दलहा के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विद्यालय परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

विद्यालय की स्थापना बाबाजी कापालिक धर्म रक्षित राम के द्वारा 12 जून 2012 को ग्रामीण अंचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। उनका यह संकल्प आज सफलता के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। संस्था के अध्यक्ष गोपाल राम एवं प्राचार्या श्रीमती अंजली दुबे के मार्गदर्शन में विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्राचार्या एवं समस्त शिक्षकगणों ने भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों को बाबा ने आशीर्वाद स्वरूप स्कूली बस्तों का वितरण किया। वहीं संस्था में लंबे समय से समर्पण और ईमानदारी के साथ सेवाएं देने वाले ट्रांसपोर्ट इंचार्ज अक्षय कर्ष, सामाजिक विज्ञान शिक्षिका सुश्री अन्नपूर्णा सिंह एवं हिंदी शिक्षिका श्रीमती ममता साहू को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

## सड़क-नाली व मुक्तिधाम के लिए 5.95 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा




राज्य शासन द्वारा नगर पालिका चांपा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अधोसंरचना मद में नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों हेतु कुल 595.61 लाख की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश के तहत दी गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने बताया कि इस स्वीकृति से नगर के लगभग सभी वार्डों में बहुप्रतीक्षित विकास कार्य कराए जाएंगे। इनमें सी.सी. सड़क एवं डामरीकरण, आर.सी.सी. नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, मुक्तिधाम का निर्माण एवं उन्नयन, उद्यान विकास, पेवर ब्लॉक एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।स्वीकृत योजना के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 27 तक विभिन्न मोहल्लों में सड़क व नाली निर्माण, नदी घाट एवं मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग, बाजार व आवासीय क्षेत्रों में डामरीकरण, सामुदायिक भवन एवं उद्यान उन्नयन जैसे कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही कई स्थानों पर जल निकासी की समस्या को दूर करने हेतु आर.सी.सी. नालियों का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सभापति संजय सोनी ने कहा कि इन विकास कार्यों से नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी, नागरिकों को बेहतर सड़क एवं आवागमन सुविधा मिलेगी तथा बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना में नगर के लगभग सभी वार्डों को शामिल किया गया है, जिससे समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम संजीवन सोनवानी ने बताया कि स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण कराया जाएगा। विकास कार्यों की राशि स्वीकृति मिलते ही पार्षदों में हर्ष व्याप्त है। अध्यक्ष सहित समस्त पार्षदों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, प्रभारी मंत्री ओ. पी. चौधरी, सांसद कमलेश जांगड़े,नारायण चंदेल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े सहित मंडल के समस्त सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया है ।

### मवेशियों की सुरक्षा के साथ ही सड़क हादसों में आएगी कमी

# हाईवे पर मवेशियों को रेडियम पट्टी बांधकर दिया मानवता और सड़क सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



दुर्घटना से बचाने मवेशियों को रेडियम पट्टी बांधते पदाधिकारी व सदस्य।

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में भीम आर्मी, भीम रेजिमेंट एवं बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से एक सराहनीय अभियान चलाया गया। रात्रि लगभग 9 बजे शुरू हुए इस अभियान के तहत नगर एवं हाईवे मार्गों पर बैठे लावारिस गायों और अन्य बेजुबान मवेशियों के गले में रेडियम पट्टियां बांधी गईं। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा मवेशियों और वाहन चालकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

ज्ञात हो कि रात्रि के समय हाईवे और मुख्य सड़कों पर बैठे मवेशी अक्सर वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते,जिसके कारण दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। कई बार इन हादसों में मवेशियों की जान चली जाती है, वहीं वाहन चालक और यात्री भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए भीम आर्मी, भीम रेजिमेंट एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से रेडियम पट्टी बांधने का अभियान प्रारंभ किया है। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिवरीनारायण नगर के प्रमुख चौक-चौराहों,मुख्य मार्गों तथा हाईवे पर बैठे मवेशियों को चिन्हित कर उनके गले में रेडियम पट्टियां बांधीं। रेडियम पट्टी की विशेषता यह है कि रात के समय किसी भी वाहन की हेडलाइट पड़ते ही वह चमकने लगती है, जिससे दूर से ही पशुओं की मौजूदगी का पता चल जाता है और वाहन चालक सावधानी बरत सकते हैं। भीम रेजिमेंट के संभाग अध्यक्ष दीपक मनहर ने बताया कि यह अभियान केवल पशु संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या और उसके समाधान पर चर्चा भी की गई है। उन्होंने प्रशासन से लावारिस मवेशियों के संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। वहीं गौ रक्षा प्रमुख गोपाल कश्यप ने भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए इसे जनहित का कार्य बताया। उन्होंने कहा कि मवेशियों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति संवेदनशील होना चाहिए। इस बीच सुरेंदर लहरें,सुरेश साहू,सुरज यादव,शैलेन्द्र रात्रें,कुंवर ओगरे,अजित लहरें,अनमोल योगी,मनोज यादव,गोलू मौजूद रहे।

